राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में आगामी 4–5 अप्रैल, 2019 को 'नैक एक्रीडिटेशन' की तैयारी हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित होगी

पटना, 15 मार्च 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने सभी कुलपतियों को विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 'नैक प्रत्ययन' (Naac Accreditation) के लिए वांछित तैयारियाँ पूरी गंभीरता से सुनिश्चित करने का निदेश प्रदान किया है। राज्यपाल श्री टंडन ने कहा है कि RUSA, UGC आदि केन्द्रीय एजेन्सियों से सभी मदों में पर्याप्त सहयोग राशि प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का 'नैक मूल्यांकन' बेहतर रूप में हो। राज्यपाल ने कहा है कि जो विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय 'नैक–मूल्यांकन' में अपेक्षित अभिरूचि नहीं लेंगे, उनकी प्रगति रूक जायेगी और उन्हें विभिन्न माध्यमों से समुचित वित्तीय सहयोग नहीं मिल पायेगा।

राज्यपाल श्री टंडन ने कहा है कि 'नैक मूल्यांकन' हेतु सभी विश्वविद्यालय, अंगीभूत महाविद्यालय एवं मान्यताप्राप्त महाविद्यालय बेहतर ढंग से तैयारी करें, इसके लिए आवश्यक है कि 'नैक एक्रीडिटेशन' की पूरी प्रक्रिया की जानकारी उन्हें भली–भाँति हो। राज्यपाल ने अपने प्रधान सचिव को अप्रैल, 2019 माह की 4 एवं 5 तारीख को राजभवन में 'नैक' के वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित करते हुए एक 'राज्यस्तरीय कार्यशाला' आयोजित करने के लिए कहा है।

राजभवन में महामहिम कुलाधिपति के निदेशानुसार आगामी 4 एवं 5 अप्रैल, 2019 को 'नैक एक्रीडिटेशन' की तैयारी के मद्देनजर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने हेतु राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इस कार्यशाला में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, विश्वविद्यालयों में नामित 'नैक' के नोडल ऑफिसर तथा अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यगण आदि भाग लेंगे।

इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए 'नैक' के चेयरमैन एवं डाइरेक्टर को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यशाला को राज्यपाल के परामर्शी (उच्च शिक्षा) एवं प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो॰ आर॰सी॰ सोबती भी संबोधित करेंगे। कार्यशाला में सभी विश्वविद्यालयों /महाविद्यालयों के अधिकारियों को 'इन्स्टीचयूशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर क्वालिटी एसेसमेंट' (I.I.Q.A.) तथा 'सेल्फ स्टडी रिपोर्ट' (S.S.R.) दाखिल करते हुए 'नैक मूल्यांकन' हेतु आई॰डी॰ प्राप्त करने की प्रक्रिया आदि से अवगत कराया जाएगा। कार्यशाला में यह बताया जायेगा कि कैसे यूनिवर्सिटी एवं कॉलेजों को 'नैक' द्वारा निर्धारित मानदंडों पर खरा उतरना है, बाह्य एवं आंतरिक संसाधनों को किस रूप में सृजित करना है, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता आदि सुनिश्चित करने के लिए क्या–क्या आवश्यक तैयारियाँ करनी हैं, विद्यार्थी–क्लासरूम–अनुपात तथा शिक्षक–विद्यार्थी–अनुपात के निर्धारित मानदंडों को किस रूप में हासिल करना है। कार्यशाला में मूलभूत आधारभूत संरचना तथा गुणवत्तापूर्ण और शोधमूलक शिक्षण के विकास आदि विन्दुओं पर भी आवश्यक चर्चा होगी।

राज्यपाल श्री टंडन ने उक्त कार्यशाला की सफलता सुनिश्चित कराने के लिए सभी कुलपतियों को आवश्यक निदेश प्रदान किये हैं।

....